भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर(2023-24)

कक्षा-दसवीं	विभाग: हिंदी	Date - 25-04-2024
	विषय: मुहावरे(बड़े भाई साहब)	Note: Pl. file in portfolio

नाम: ____________अनुभाग: _____ अनुक्रमांक: _____दिनांक: __________

1. अंधा चोट निशान पड़ना (कोई वस्तु अचानक प्राप्त हो जाना)
2. अंधे के हाथ बटेर लगना (अयोग्य व्यक्ति को कोई कीमती वस्तु मिल जाना)
3. अमल करना (व्यवहार में लाना)
4. आँखें फोड़ना (बहुत अधिक पढ़ना)
5. आड़े हाथों लेना (खरी-खोटी सुनाना)
6. खून जलाना (किसी को किलसाना)

7.नौ-दो ग्यारह होना (भाग जाना)

8. गाढ़ी कमाई (कड़ी मेहनत से कमाया हुआ धन)
9. गिरह बाँधना (सदा स्मरण रखना)
10. घाव पर नमक छिड़कना (दुखी व्यक्ति को और दुखी होना)
11. चक्कर आ जाना (विचलित होना)
12. चुल्लू भर पानी देनेवाला न होना (संकट के समय कोई मददगार न होना)
13. ज़मीन पर पाँव न रखना (बहुत घमंड होना)
14. ज़हर लगना (किसी की बात बहुत बुरी लगना)
15. जिगर के टुकड़े-टुकड़े होना (दिल दुखना)
16. जी ललचाना (मन में लालच पैदा होना)
17. टूट पड़ना (आक्रमण करना)

18, तलवार खींचना (मरने-मारने पर उतारू होना)

19. तीर मार लेना (कोई बड़ा काम कर लेना)
20. दबे पाँव आना/जाना (बिना आहट किए आना/जाना)
21. दाँतों पसीना आ जाना (हालत खराब हो जाना)
22. दिमाग होना (घमंड हो जाना)
23. दीन-दुनिया से जाना (कहीं का न रहना)
24. नक्शा बनाना (योजना बनाना)

25. नज़र बचाकर जाना (चुपके से जाना)
26. नतमस्तक होना (आदरपूर्वक झुकना)
27. नाम-निशान मिटा देना (किसी को पूर्णत: नष्ट कर देना)
28. पन्ने रँगना (व्यर्थ में लिखकर कागज़ खराब करना)
29. पहाड़ होना (बहुत कठिन कार्य)
30. पापड़ बेलना (कष्टमय जीवन बिताना, बहुत परिश्रम करना)
31. पास न फटकना (निकट न आना)
32. पैसे-पैसे को मोहताज होना (बहुत गरीबी की स्थिति होना)
33. प्राण ले लेना (जान से मार डालना)
34. प्राण सूखना (बहुत घबरा जाना)
35. बेराह चलना (उचित कार्य न करना)
36. बेसिर-पैर की बातें करना (व्यर्थ की बातें करना)
37. मुँह चुराना (सम्मुख न आना)
38. राह लेना (अपना मार्ग स्वयं लेना, अपना काम करना)
39. लगती बातें कहना (चुभती हुई बातें कहना)
40. लोहे के चने चबाना (बहुत कठिन कार्य करना)
41. शब्द चाटना (सब कुछ याद कर लेना)
42. सबक लेना (शिक्षा ग्रहण करना)
43. साए से भागना (दूर भागना)
44. सिर फिरना (पागल हो जाना)
45. सिर पर तलवार लटकना (खतरा होना)
46. हँसी-खेल होना (सरल होना)
47. हाथ डालना (ज़िम्मेदारी लेना)
48. हाथ-पाँव फूल जाना (घबरा जाना)
49. हाथ लगना (अचानक प्राप्त होना)
50. हाथ से न जाने देना (मौका न छोड़ना)
51. हाथों में लेना (ज़िम्मेदारी सँभालना)
52. हिम्मत टूटना (धैर्य समाप्त होना)
53. हेकड़ी जताना (घमंड करना)